## एक नजर में

### ब्राउन शुगर तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन.** खरगोन जिले के बड़वाह थाना क्षेत्र में पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. उसके विरुद्ध पूर्व में आठ आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी मिली है. बड़वाह थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौड़ ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बड़वाह कस्बे के बाहरी क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया. पूछताछ में उसकी पहचान मछली बाजार, बड़वाह निवासी सद्दाम खान के रूप में हुई. तलाशी के दौरान उसके पास से 5 .47 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 55,000 रुपये बताई जा रही है.

### अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 20 वाहन जप्त

**ग्वालियर.** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर शिकंजा कसते हुए प्रशासन ने आज रविवार तड़के बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने विक्की फैक्ट्री क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर रेत से भरे 20 वाहनों को जप्त किया. इनमें 17 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 2 मिनी ट्रक और एक अतिरिक्त ट्रॉली शामिल है. सभी वाहनों को झांसी रोड थाना क्षेत्र में अभिरक्षा में रखा गया है तथा मध्यप्रदेश खनिज अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण नियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है.

### सोयाबीन का भावांतर मॉडल रेट 4234 रुपए क्विंटल दर्ज

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 16 नवंबर को 4234 रुपए प्रति क्विंटल का रेकॉर्डेड मॉडल रेट जारी हुआ है. यह मॉडल रेट उन किसानों पर लागू होगा, जिन्होंने अपनी उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इसी आधार पर किसानों को मिलने वाली भावांतर राशि की गणना की जाएगी. सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. 7 नवंबर को जारी पहला मॉडल रेट 4020 रुपए प्रति क्विंटल था. इसके बाद 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए और 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का रेट दर्ज हुआ था.

# उज्जैन का जुड़वां भाई है शाजापुर



## 8 हजार करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

**शाजापुर, 16 नवंबर. शाजापुर विधानसभा में 8 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्य का भूमिपूजन और लोकार्पण करके शाजापुर विधानसभा को विकास की पटरी पर दौड़ा दिया है.**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मक्सी में 8 हजार करोड़ से अधिक के उद्योग और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया. इसके अलावा विधायक अरुण भीमावद के अनुरोध पर विभिन्न विकास कार्यों के लिए 1 हजार करोड़ रुपए की घोषणा की. जो बात विधायक ने रखी, उसे तत्काल मुख्यमंत्री ने घोषणा में तब्दील कर दिया.

### मुख्यमंत्री यादव ने दी शाजापुर को सौगात

मक्सी शाजापुर विधानसभा में विधायक अरुण भीमावद के अथक प्रयास से महज दो साल में 8 हजार करोड़ से अधिक का बड़ा उद्योग स्थापित होने जा रहा है, जिसका भूमिपूजन मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया. वहीं उज्जैन-मक्सी फोरलेन, मक्सी शहर का फोरलेन, सांदिपनी विद्यालय का लोकार्पण सहित आधा दर्जन विकास कार्य शाजापुर विधानसभा को मिले.

इस अवसर पर मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन का जुड़वां भाई है शाजापुर, जो उज्जैन को मिलेगा, वो शाजापुर को भी मिलेगा. शाजापुर जिला विकास में पीछे नहीं रहेगा. क्योंकि उज्जैन और शाजापुर का रिश्ता बरसों पुराना है. इस अवसर पर विधायक अरुण भीमावद ने विधानसभा के लिए कई विकास कार्यों की मांग की, जिसकी मोहन यादव ने भरे मंच से घोषणा की. लगभग 1 हजार करोड़ के नए विकास कार्य शाजापुर विधानसभा को दिए.

### इस अवसर पर भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे

इस अवसर पर मंत्री इंदर सिंह परमार, सांसद महेंद्र सोलंकी, उज्जैन सांसद, उज्जैन विधायकगण के अलावा शाजापुर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, शाजापुर नगर अध्यक्ष आशीष नागर, नगर महामंत्री गोविंद नायक, शाजापुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, शीतल भावसार, प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, बबीता परमार, मनोहर विश्वकर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष संतोष जोशी, शाजापुर नगर पालिका के पार्षद और भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

# एमपी में डीएसपी बनकर 72 लाख की ठगी

## पीएमओ-सीएम से शिकायत के बाद खुला फर्जीवाड़ा, फर्जी अफसर गिरफ्तार

**बालाघाट, 16 नवम्बर. मध्यप्रदेश में डीएसपी संतोष पटेल के नाम पर छत्तीसगढ़ की एक आदिवासी महिला से 72 लाख रुपये की ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है।**

पीड़ित महिला ने नामजद स्र्र्र्र कराने के लिए करीब दो महीने पहले कुसमी थाने में आवेदन दिया था, लेकिन जांच प्रक्रिया के चलते FIR न होने पर उसने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शिकायत भेज दी। मामला उच्च स्तर पर पहुंचते ही पुलिस हरकत में आई और बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हो गया.




पीएमओ के निर्देश मिलने पर पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ी। महिला ने जिस अधिकारी का नाम बताया, वह सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स वाले हॉक फोर्स बालाघाट के असिस्टेंट कमांडेंट (पूर्व डीएसपी) संतोष पटेल निकले। टीम जब बालाघाट पहुंची और पटेल को महिला की शिकायत व दस्तावेज दिखाए गए, तो वे खुद हैरान रह गए। महिला को ठगने वाला असली आरोपी कोई अधिकारी नहीं, बल्कि सीधी जिले का 29 वर्षीय जेसीबी ऑपरेटर निकला, जिसने कई वर्षों तक संतोष पटेल की फोटो और पहचान का दुरुपयोग किया।

महिला ने 2018 से 2025 के बीच आरोपी के झांसे में आकर जमीन बेचकर, कर्ज लेकर और रिश्तेदारों से उधार जुटाकर कुल 72 लाख रुपये दिए।

> आरोपी ने खुद को डीएसपी बताकर कहा था कि मेरी नौकरी भी पैसे से लगी है, तुम्हारे दोनों बेटों को भी पुलिस में भर्ती करवा दूंगा। फोन पर कभी वीडियो कॉल न करने और सिर्फ फोटो भेजकर बातचीत करने से वह लंबे समय तक महिला को विश्वास में लेता रहा पीएमओ के आदेश के बाद जब असली अधिकारी ने महिला से वीडियो कॉल पर बात की, तब भी वह मानने को तैयार नहीं हुई। महिला का कहना था कि आपने ही पैसे लिए हैं, अब पुलिस के दबाव में चेहरा दिखा रहे हो।

### जननी सुरक्षा एंबुलेंस से शराब की तस्करी, छह कर्मचारी बर्खास्त

**खरगोन.** जिले में जननी सुरक्षा योजना की एंबुलेंस का दुरुपयोग कर शराब तस्करी किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है. चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक एंबुलेंस से 52 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई. घटना के बाद सेवा प्रदाता कंपनी ने तत्काल प्रभाव से वेंडर का अनुबंध समाप्त करते हुए छह कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है. थाना प्रभारी गहलोत सेमलिया के अनुसार हेला पड़ावा पुलिस चौकी क्षेत्र में पशुओं के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए बैरिकेड्स लगाए गए थे. इसी दौरान एक एंबुलेंस बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करती दिखी.



# नवंबर में ही कड़ाके की ठंड

**10 °C पर भोपाल-इंदौर**


**84 साल पुराना रिकॉर्ड टूटेगा**

**भोपाल, 16 नवम्बर. मध्यप्रदेश में इस साल नवंबर की शुरुआत से ही ठंड तेजी से बढ़ रही है. शनिवार-रविवार की रात भोपाल और इंदौर में पारा गिरकर 6.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है.**

राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 6.4°C दर्ज हुआ. यदि पारा और 0.3 डिग्री गिरता है, तो 30 नवंबर 1941 को दर्ज 6.1°C का 84 साल पुराना रिकॉर्ड टूट जाएगा. इंदौर में भी बीती रात 6.4°C तापमान दर्ज हुआ, जो 25 वर्षों में नवंबर का सबसे ठंडा रात का तापमान है. प्रदेश के अन्य शहरों में भी पारा सामान्य से काफी नीचे रहा. जबलपुर में 8.5°C, उज्जैन में 10.5°C, ग्वालियर में 10.1°C और राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 6°C दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा. मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों के लिए कई जिलों में शीतलहर और तीव्र शीतलहर का अलर्ट जारी किया है.

पिछले 24 घंटों में प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. धार, नौगाँव (छतरपुर), दमोह, शिवपुरी और बैतूल जिलों में शीतलहर का असर दिखा, जबकि भोपाल, राजगढ़, इंदौर, रीवा, जबलपुर, सीहोर, शाजापुर और शहडोल जिलों में तीव्र शीतलहर चली. मलाजखंड (बालाघाट) में शीतल दिन की स्थिति रही.

> अधिकतम तापमान की बात करें तो अधिकांश जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ, हालांकि इंदौर, उज्जैन, रीवा और शहडोल संभागों में तापमान सामान्य से 3.2-3.6°C तक कम रहा. वहीं भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और चंबल संभागों में अधिकतम तापमान 1.8-2.7°C तक कम दर्ज हुआ. न्यूनतम तापमान भी कई संभागों में सामान्य से काफी नीचे रहे. भोपाल, इंदौर, रीवा और जबलपुर संभागों में पारा सामान्य से 5.1-7.9°C तक कम रहा, जबकि उज्जैन, ग्वालियर, शहडोल, सागर और चंबल संभागों में यह 3.2-4.5°C तक कम दर्ज हुआ. नर्मदापुरम संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7°C तक कम रहा.



### प्रदेश अध्यक्ष ने अटल स्मारक के कार्यों का किया निरीक्षण

**ग्वालियर.** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने ग्वालियर में सिरोल पहाड़ी पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में निर्माणाधीन अटल स्मारक के कार्यों का निरीक्षण किया .उन्होंने स्मारक स्थल का निरीक्षण किया और यहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों सभागार, थिएटर, सौंदर्यीकरण की प्रगति पर संतोष जताते हुए इन्हें अतिशीघ्र पूर्ण करने के लिए स्थानीय अधिकारियों से कहा.

# अपने बयान से ही पीछे हटे मंत्री परमार

## विवाद बढ़ा तो बदला सुर, सार्वजनिक रूप से मांगी माफी

**भोपाल, 16 नवम्बर. मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार अपने ही बयान पर घिरने के बाद अब पूरी तरह बैकफुट पर आ गए हैं. समाज सुधारक राजा राममोहन राय को लेकर दिए गए विवादित बयान पर मंत्री ने वीडियो जारी कर औपचारिक रूप से माफी मांग ली है.**

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रवाह में उनके मुंह से गलत संदर्भ निकल गया, जिसका उन्हें खेद है. आगर मालवा में आयोजित बिरसा मुंडा जयंती पर मंत्री परमार ने राजा राममोहन राय को फर्जी समाज सुधारक और अंग्रेजों का सहयोगी बताने का दावा किया था. बयान सामने आते ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई और विपक्ष ने उनके इस्तीफे की मांग तक कर दी. बढ़ते दबाव के बीच मंत्री परमार ने सफाई देते हुए कहा कि वे अंग्रेजी शासन की परिस्थितियों का उल्लेख कर रहे थे और उसीक्रम में राजा राममोहन राय का नाम गलत रूप में आ गया.

उन्होंने कहा, मेरे कथन से किसी की भावनाएं आहत हुई होंगी, इसका मुझे दुख है. मैं व्यक्तिगत रूप से राजा राममोहन राय का सम्मान करता हूं. यदि मेरी बात से किसी को चोट पहुंची है तो मैं क्षमा मांगता हूं.



> परमार ने आगे कहा कि उनका उद्देश्य किसी समाज सुधारक का अपमान करना नहीं था और भविष्य में शब्दों के चयन में अधिक सावधानी बरतेंगे. यह पहली बार नहीं है जब मंत्री परमार अपने बयानों को लेकर विवादों में आए हों. इससे पहले अमेरिका की खोज को लेकर दिया गया उनका बयान भी चर्चा का विषय बना था. कांग्रेस ने इस प्रकरण में मंत्री पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे बयान शिक्षा विभाग में बैठे मंत्री के लिए शोभा नहीं देते.


# गोविन्द ने लिखा चुनाव आयुक्त को पत्र

## मतदाता सूची पुनरीक्षण पर उठाए सवाल

**भिण्ड, 16 नवम्बर. मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में जारी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह ने सवाल खड़े किए है.**

उन्होंने पुनरीक्षण प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है. साथ ही उन्होंने मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है.

डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि लहार विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ की लापरवाही के कारण पुनरीक्षण कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है. उनके अनुसार 15 नवम्बर 2025 तक अधिकांश बूथों पर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित ही नहीं किए गए. कांग्रेस बीएलओ और स्थानीय नागरिकों द्वारा उन्हें लगातार शिकायतें भेजी गई हैं. उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर बीएलओ ने मूल गणना पत्रक के स्थान पर केवल उसकी फोटोकॉपी बांट दी, जो निर्वाचन प्रक्रिया के नियमों के अनुसार मान्य नहीं है.



> पात्रता की जांच के लिए आवश्यक वर्ष 2003 की मतदाता सूची भी लोगों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है. डॉ. सिंह ने आशंका जताई है कि इन अनियमितताओं और देरी के कारण पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय में पूरा नहीं हो सकेगा, जिससे बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर रह सकते हैं. कई गणना पत्रक गलत तरीके से भरे जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं. मुख्य निर्वाचन आयुक्त को भेजे गए पत्र में उन्होंने अनुरोध किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएँ.

# जेवरात से भरा बैग लेकर भागे बदमाश

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 16 नवम्बर। बीती रात करीब 9:30 बजे ज्वेलरी की दुकान बंद करके घर जा रहे सराफा व्यापारी से लाखों रुपए से भरा ज्वेलरी उचक्को द्वारा लेकर फरार हो गए।**

घटना की जानकारी होते हुए क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मामला शक्तिनगर थाने अंतर्गत काली मंदिर बस स्टैंड के समीप का बताया जा रहा। उधर सराफा व्यापारी संजय सोनी घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने रात में ही घटना के मामले में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई। बस स्टैंड काली मंदिर निवासी संजय सोनी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि बस स्टैंड बाजार में ज्वेलरी की दुकान है। रात लगभग 9:30 बजे मोटरसाइकिल से घर जा रहा था कि रास्ते में काली मंदिर के पास दो-तीन अज्ञात व्यक्ति पीछे से आए और साइकिल की टंकी पर रखा बैग झपट्टा मारकर फरार हो गए। बताया कि बैग में लाखों रुपए के सोने चांदी से भरा ज्वेलरी था। जिसे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में कितने सोने-चांदी के ज्वैलरी थे, इसकी जानकारी अभी नहीं हो पाई है। फिलहाल आज दिन रविवार की सुबह से ही पुलिस सराफा व्यापारी से पूछतांछ के साथ सीसीटीव्ही फुटेज खंगालनें में जुटी हुई है।




# एसआईआर की प्रक्रिया में आम नागरिक करें सहयोग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव बैनल ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनिरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। सभी मतदान केन्द्र पर बूथ लेवल अधिकारी तैनात किये गये हैं।**

कलेक्टर ने मतदाताओं से अपने दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज की फोटो तथा 2003 की मतदाता सूची में स्वयं अथवा अपने पिता, दादा अथवा रिश्तेदार का नाम होने के संबंध में जानकारी फिर चाहे वे देश कहीं के भी मतदाता हों, राज्य, विधानसभा क्षेत्र, मतदान केंद्र संख्या, भाग संख्या, सरल क्रमांक सहित अन्य और यदि वोटर आईडी कार्ड नंबर यदि उपलब्ध हो तो उसकी जानकारी रखने की आग्रह भी किया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर की प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराए गये गणना फॉर्म भरकर 4 दिसम्बर तक बीएलओ को वापस नहीं करने की स्थिति में सबंधित मतदाता का नाम 9 दिसम्बर को होने वाले मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन में शामिल नहीं हो सकेगा और बाद में ऐसे मतदाताओं को दावा आपत्ति की प्रक्रिया में दस्तावेज देने होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के नागरिकों से अपने परिवार एवं आसपास के लोगों तक एसआईआर की बारे में जागरूक करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अन्य मतदाताओं को भी दस्तावेज तैयार करने के लिए प्रेरित करें, ताकि पूरी पारदर्शिता से मतदाता सूचियों का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा है कि नागरिक एसआईआर के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ, संबंधित एसडीएम कार्यालय अथवा तहसील कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



**व्यापक रणनीति** अमरकंटक में प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दिए निर्देश

# स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने पर जोर



**अनूपपुर/ अमरकंटक,16 नवम्बर . केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की विश्व प्रसिद्ध अमरकंटक स्थित मां नर्मदा के उद्गम स्थल में पहुंचकर मां नर्मदा की पूजा अर्चना की.**

गिरिराज सिंह ने अमरकंटक और पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में स्थानीय हस्तशिल्पों एवं पारंपरिक कलाओं को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए व्यापक रणनीति बनाने पर जोर दिया है. रविवार को अमरकंटक में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ ऐसे प्रभावी कदम उठाएँ, जिससे क्षेत्रीय कलाकारों और उत्पादकों को बड़ा मंच मिल सके.

मंत्री ने कहा कि अमरकंटक की गोड़ी पेंटिंग, काष्ठ शिल्प और स्थानीय हस्तशिल्पों में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें प्रोत्साहन देकर बड़े बाजारों से जोड़ा जा सकता है. उन्होंने घोषणा की कि केंद्रीय सिल्क बोर्ड और आत्मा गवर्निंग बोर्ड के संयुक्त सहयोग से अमरकंटक में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा. यह केंद्र भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से स्थापित किया जाएगा और इससे लगभग 2000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है. गिरिराज सिंह ने स्थानीय कलाकारों को नर्मदापुरम के रेशम केंद्र का निरीक्षण करने और वहां चल रही गतिविधियों का अध्ययन करने के निर्देश भी दिए, ताकि अमरकंटक क्षेत्र में रेशम उद्योग, हैंडलूम औरक्राफ्ट सेक्टर को स्थानीय स्तर पर और अधिक विकसित किया जा सके. गिरिराज सिंह ने कहा कि पारंपरिक कलाओं में तकनीकी नवाचार जोड़ने से उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी बाजार प्रतिस्पर्धा दोनों बढ़ती हैं. उन्होंने कम्युनिटी सेंटर आधारित कार्यस्थलों को बढ़ावा देने की बात कही, जिससे लागत कम होती है और कलाकारों को अधिक लाभ मिलता है.

> मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है और रोजगार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं. अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कलाकारों को रेशम उद्योग से जोड़कर उनके कौशल-विकास और आयवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाए. प्रशिक्षण केंद्र के प्रस्ताव के बाद मंत्री ने स्थानीय शिल्पकारों द्वारा तैयार की जा रही गोड़ी चित्रकला, लकड़ी के शिल्प और अन्य हस्तनिर्मित उत्पादों का निरीक्षण किया. उन्होंने कारीगरों से उनकी कार्य-प्रणाली, मासिक आय और उत्पाद निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली.

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं 3 दिवस के लिए अवैतनिक, चेतावनी जारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 नवंबर, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना मझौली ने आदेश जारी करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 28 अक्टूबर 2025 से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को किया जाएगा।**

आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ को समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने हेतु मतदान केन्द्रवार शासकीय सेवकों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है और एसआईआर कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पूर्व में ही बीएलओ के साथ एसआईआर कार्य में सहयोग करने के लिए आदेशित किया गया था। किन्तु 15 नवम्बर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी मझौली के क्षेत्र भ्रमण के दौरान अनेक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शकुन्तला सिंह, राजकली सिंह, देवकली सिंह, राजकुमारी सिंह, राजकुमारी पाण्डेय, रेखा सिंह, आशा तिवारी, संतोष तिवारी, कुसुम चतुर्वेदी, आरती बैस, पुष्पा सोनी, राजकली गुप्ता, ममता साकेत, कीर्ति तिवारी एवं शैलजा शुक्ला अनुपस्थित पाई गईं। यह स्थिति एसआईआर कार्य में असहयोग एवं निर्वाचक नामावली जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध उत्पन्न करती है।उक्त लापरवाही को गंभीर मानते हुए संबंधित आंगनवा?ी कार्यकर्ताओं को 03 दिवस का अवैतनिक किया गया है तथा चेतावनी जारी की गई है कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।